**भारत सरकार**
**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय**
**(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1569**

**(दिनांक 31.07.2024 को उत्तर के लिए)**

**केंद्र सरकार/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/बैंकों में रिक्तियां**

**1569. श्री एम.के.राघवनः**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश में बैंकों और वित्तीय उद्यमों सहित केंद्र सरकार और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में रिक्तियां की कुल संख्या के संबंध में कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है कि बैंकों और वित्तीय कंपनियों सहित केंद्रीय सरकार की नौकरियों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में रिक्तियों को समयबद्ध तरीके से भरा जाए;

(ग) केरल में बैंकों और वित्तीय कंपनियों सहित केंद्रीय और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कुल कितनी रिक्तियां हैं;

(घ) सरकार द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणामों की समय पर घोषणा सुनिश्चित करने और इसे पारदर्शी बनाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार के पास केंद्र और प्रत्येक राज्य के अखिल भारतीय सेवा के सभी अधिकारियों की अधिकतम संख्या, वर्तमान में भर्ती होने और रिक्त पदों की संख्या के संबंध में कोई आंकड़े हैं; और

(च) केरल से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति का विकल्प चुनने वाले अखिल भारतीय सेवा के कुल अधिकारियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)**

**(क) से (ग):** विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में रिक्त पदों का होना तथा उन्हें भरा जाना, एक सतत् प्रक्रिया है। केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों को समयबद्ध तरीके से रिक्त पदों को भरने के लिए समय-समय पर निर्देश दिए गए हैं। माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर 2022 को शुरु किए गए रोजगार मेला में रिक्त पदों को मिशन मोड में भरा गया है। केंद्रीय स्तर पर विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 45-50 शहरों में 12 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है।

केंद्रीय पीएसयू, प्रमुख रूप से वाणिज्यिक इकाई होने के कारण, अपनी व्यावसायिक योजनाओं के आधार पर अपनी कार्मिक शक्ति की भर्ती करते हैं तथा सीपीएसई के बोर्ड अपने संबंधित सीपीएसई में बोर्ड स्तर से अधीनस्थ पदों पर भर्ती करने के लिए प्राधिकृत हैं।

**(घ):** सरकार ने परीक्षा के चरणों (टियरों) की संख्या में कमी करने, परीक्षा चक्र को छोटा करने, पेपर आधारित परीक्षाओं के स्थान पर कम्प्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित करने, एसएससी परीक्षाओं में अधीनस्थ स्तर के पदों पर साक्षात्कार को समाप्त करने सहित चयन प्रक्रिया को आसान बनाकर तथा प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर नियुक्तियों की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के पश्चात् अंतिम उत्तर कुंजियों सहित सभी उम्मीदवारों के अंक, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पीईए की संबंधित वेबसाइट पर अपलोड भी किए जाते हैं।

**(ङ):** दिनांक 01.01.2024 तक की स्थिति के अनुसार, सभी अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों का अधिकतम संख्याबल और मौजूदा पदस्थता तथा रिक्ति के आंकड़े निम्न प्रकार हैं :

| **संख्याबल** | **पदस्थता** | **रिक्ति** |
|---|---|---|
| 15106 | 12162 | 2944 |

**(च):** आज की तारीख के अनुसार, केरल संवर्ग के 12 अखिल भारतीय सेवा अधिकारी, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सेवारत हैं।

*****